CMYK
Website : www.highwaychannel.in
छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 199 ▫ रायपुर, मंगलवार 12 अगस्त 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### कर्नाटक मंत्रिमंडल से केएन राजन्ना को किया गया बर्खास्त, वोट चोरी मामले पर राहुल गांधी से अलग ली थी लाइन

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (न्यूज चैनल)।** बेंगलुरु के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को कांग्रेस की निगरानी में होने और पार्टी को इस पर नज़र रखनी चाहिए थी, यह कहने के दो दिन बाद, कर्नाटक के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने सरकार से इस्तीफा दे दिया। कुछ घंटे बाद, उन्होंने दावा किया कि उन्हें एक साज़िश के तहत बर्खास्त किया गया है और कहा कि वह जल्द ही दिल्ली जाकर आलाकमान से मिलेंगे और किसी भी गलतफ़हमी को दूर करेंगे। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के करीबी सहयोगी और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की कार्यप्रणाली के कड़े आलोचक के रूप में जाने जाने वाले 74 वर्षीय राजन्ना ने पार्टी और सरकार के मामलों पर सार्वजनिक बयान जारी करके कई मौकों पर कांग्रेस आलाकमान को शर्मिंदा किया है। राजन्ना तुमकुरु जिले के मधुगिरी निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। तीन बार विधायक और एक बार विधान परिषद सदस्य रह चुके सिद्धारमैया की मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं के बारे में नवीनतम टिप्पणी से पार्टी हाईकमान निराश हो गया है, जिसने स्पष्ट रूप से सिद्धारमैया को उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने का निर्देश दिया है। राजन्ना ने 9 अगस्त को संवाददाताओं से कहा कि जब मतदाता सूची तैयार की जा रही थी, तो कांग्रेस नेता आपत्ति जताने के बजाय आँखें बंद करके चुपचाप बैठे रहे। ये अनियमितताएँ हुईं। यह शर्म की बात है कि हमने इसकी निगरानी नहीं की। यह टिप्पणी पार्टी के उस दावे को कमज़ोर करती प्रतीत हुई कि 2024 के लोकसभा चुनावों में महादेवपुरा में लगभग 1 लाख वोट चुराए गए, जिससे भाजपा को बेंगलुरु मध्य लोकसभा क्षेत्र जीतने में मदद मिली।

### पीएम मोदी के मुरीद हुए अहमद पटेल के बेटे फैजल, ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की, कहा- दिशाहीन हो गई है कांग्रेस

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (न्यूज चैनल)।** कांग्रेस के दिग्गज नेता दिवंगत अहमद पटेल के बेटे फैसल ने नरेंद्र मोदी सरकार की प्रशंसा की और कहा कि देश सुरक्षित हाथों में है। लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि वह कांग्रेस से नाराज़ नहीं हैं और उन्होंने सार्वजनिक जीवन से कुछ समय के लिए ब्रेक ले लिया है। यह बयान 44 वर्षीय फैसल द्वारा यह घोषणा करने के कुछ महीने बाद आया है कि उन्होंने कांग्रेस के लिए काम करना बंद करने का फैसला किया है और उन्हें अपने पिता के नक्शेकदम पर चलने का मौका नहीं दिया गया। दिवंगत अहमद पटेल गुजरात के भरूच से तीन बार लोकसभा सांसद और लगभग तीन दशकों तक राज्यसभा सदस्य रहे। कांग्रेस के शीर्ष रणनीतिकार माने जाने वाले, वह पूर्व यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीतिक सलाहकार और कांग्रेस के प्रमुख संकट प्रबंधक थे। पटेल का 2020 में कोविड से निधन हो गया था। फैसल पटेल ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने वाले ऑपरेशन सिंदूर को संभालने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की।

# रायपुर के तीन दोस्तों की धमतरी में चाकू मारकर की गई बेरहमी से हत्या, 2 दोस्तों ने भागकर बचाई जान

## बीती रात्रि मथुराडीह मोड़ के पास गंभीर वारदात को दिया गया अंजाम, पुलिस ने रात में ही 8 संदिग्धो को लिया हिरासत में



**धमतरी 12 अगस्त (हाईवे चैनल)।** धमतरी जिले में एक दिल दहला देने वाला अपराध हुआ जिसमे एक साथ तीन लोगो की हत्या कर दी गई है.जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

मिली जानकारी के अनुसार वारदात अर्जुनी थाना क्षेत्र अंतर्गत मथुराडीह मोड़ के करीब अन्नपूर्णा ढाबा एवं फैमिली रेस्टोरेंट के पास हुआ है। वारदात बीती रात्रि लगभग 11.30 बजे को हुआ जंहा बदमाशों ने पांच लोगो पर चाकू से हमला कर दिया जिसमे तीन लोगो की मौत हो गई है. और दो युवकों ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। घटनास्थल से भागने के बाद बचे दो युवकों ने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस की टीम ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं बदमाशों ने युवकों पर हमला क्यों किया इसकी वजह अब तक सामने नहीं आई है।सूत्रो से मिल रही जानकारी के अनुसार 8 लोगो को हिरासत में लिया गया है।

ज्ञात हो कि संतोषी नगर रायपुर निवासी सुरेश तांडी 34 वर्ष, नीतिन तांडी 32 जिसे भाई बताया जा रहा है व सेजबहार रायपुर निवासी आलोक ठाकुर 28 वर्ष अपने एक अन्य मित्र के साथ धमतरी के सोरम में दोस्त के घर आए हुए। रात्रि में खाना खाने नगरी रोड पर निकले जहां भोयना के पास अन्नपूर्णा ढाबा एवं फैमिली रेस्टोरेंट पहुंचे जहां पर पहले से ही मौजूद आरोपियों ने मृतकों के साथ विवाद शुरु कर दिया और कुछ ही देर में विवाद चाकूबाजी में बदल गया। देखते ही देखते अफरा तफरी मच गई आरोपियों ने मृतकों को दौड़ा-दौड़ा कर चाकू मारा, जिससे उक्त तीनो मृतक लहुलुहान हो गए जबकि दो लोगो ने भागकर जान बचाई। फिलहाल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 8 संदिग्धो को रात में ही हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। जिनमें से कुछ नाबालिग भी बताए जा रहे है। साथ ही संदिग्धो को पुराने अपराधिक रिकार्ड खंगाले जा रहे है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस द्वारा विवाद का कारण स्पष्ट नहीं किया गया था।

> "बीती रात्रि तीन लोगों की हत्या के मामले में रात में ही 8 संदिग्धो को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। संदिग्धो की पुरानी अपराधिक रिकार्ड की भी जानकारी खंगाली जा रही है।"
>
> **सूरज सिंह परिहार**
> **एसपी धमतरी**

# एसडीएम की सरकारी गाड़ी ने मारी टक्कर, गर्भवती महिला की मौत

## ग्रामीणों ने वाहन को थाने में किया सुपुर्द, एफआईआर दर्ज



**बिलासपुर, 12 अगस्त (हाईवे चैनल)।** बिलासपुर में एसडीएम की सरकारी गाड़ी से हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 5 माह की गर्भवती महिला की मौत हो गई है. हादसे में महिला का पति और दो बच्चे भी घायल हुए हैं. यह घटना राखी के दिन हुई थी, लेकिन हादसे के बाद वाहन समेत चालक फरार हो गया था. ग्रामीणों ने वाहन को खोज कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

दरअसल, राखी के दिन 9 अगस्त को कोनी थाना क्षेत्र के तुर्काडीह के पास यह दर्दनाक हादसा हुआ. भरनी के देवरी गांव निवासी सुमित सूर्यवंशी अपनी पत्नी हेमलता, 7 साल की बेटी मिंटी और 10 साल के बेटे रिशु के साथ राखी मनाने पत्नी के मायके सेमरताल जा रहा था. जहां उसकी पत्नी अपने भाइयों को राखी बांधने वाली थी. लेकिन वो वहां पहुंच पाती उससे पहले ही रास्ते में पीछे से तेज रफ्तार सरकारी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 5 माह की गर्भवती हेमलता की मौके पर ही मौत हो गई. पति सुमित और दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए. हादसे के बाद वाहन समेत चालक फरार हो गया था। बताया जा रहा है कि यह वाहन पेंड्रा रोड की एसडीएम ऋचा चंद्राकर का सरकारी वाहन है. जिसे घटना के बाद ग्रामीणों ने तलाश कर गाड़ी को खोज निकाला और थाने में सुपुर्द कर दिया. इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. फिलहाल यह साफ नहीं की गाड़ी में कौन-कौन मौजूद था, पुलिस का कहना है कि ड्राइवर की पहचान कर ली गई है और जल्द ही मामले में सख्त एक्शन लिया जाएगा। घटना में घायल बेटा रिशु अभी भी सिम्स में भर्ती है. जबकि बेटी को छुट्टी दे दी गई है. पति का इलाज भी जारी है. हादसे के बाद परिजनों और ग्रामीणों में गुस्सा है और वे दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# बीजापुर में 2 जवान घायल गंगालूर जंगल में मुठभेड़ जारी



**बीजापुर, 12 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में दो जवान जख्मी हो गए हैं, जिन्हें एयर लिफ्ट कर रायपुर रेफर किया गया है। फिलहाल दोनों जवानों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। मामला गंगालूर थाना क्षेत्र का है। पुलिस अफसरों ने बताया कि दोनों तरफ से रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। नक्सलियों को भी नुकसान होने की संभावना है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गंगालूर इलाके में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर 11 अगस्त (सोमवार) को जवानों को सर्च ऑपरेशन पर निकाला गया था। वहीं आज सुबह जब जवान जंगल में पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

जवानों ने भी मोर्चा संभाला और नक्सलियों के गोलियों का जवाब दिया। हालांकि, दोनों तरफ से हुई इस गोलाबारी में 2 जवान घायल जो गए है। जिन्हें साथियों ने मौके से बाहर निकाला। बीजापुर में प्राथमिक उपचार करने के बाद एयर लिफ्ट कर दोनों को रायपुर रेफर किया गया है। फोर्स अब भी मौके पर ही मौजूद है। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है। अफसरों का दावा है कि मुठभेड़ में नक्सलियों को भी भारी नुकसान हुआ है।

# चुनाव आयोग से सुप्रीम कोर्ट ने कहा- तैयार रहें, हम आपसे मतदाताओं से जुड़े तथ्यों और आंकड़ों पर कुछ सवाल करेंगे



**नई दिल्ली, 12 अगस्त (न्यूज चैनल)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग की ओर से बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया कराने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जयमाल्या बागची की पीठ ने राजद नेता मनोज झा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों से सुनवाई शुरू की। सिब्बल ने तर्क दिया कि एक निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव आयोग ने दावा किया था कि 12 लोग मृत थे, लेकिन वे जीवित पाए गए, जबकि एक अन्य मामले में जीवित लोगों को मृत घोषित कर दिया गया।

चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि इस तरह के अभियान में कुछ खामियां होना स्वाभाविक है। यह दावा करना कि मृत लोगों को जीवित घोषित किया गया और जीवित लोगों को मृत घोषित किया गया, हमेशा सही किया जा सकता है, क्योंकि यह केवल एक मसौदा सूची है। पीठ ने चुनाव आयोग से कहा कि वह तथ्यों और आंकड़ों के साथ तैयार रहे, क्योंकि कोर्ट प्रक्रिया से पहले मतदाताओं की संख्या, पहले और अब मृतकों की संख्या और अन्य प्रासंगिक विवरणों पर सवाल उठाएगा।

इससे पहले 29 जुलाई को चुनाव आयोग को एक संवैधानिक प्राधिकारी करार देते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि अगर बिहार में मतदाता सूची की एसआईआर में बड़े पैमाने पर नाम हटाए गए हैं, तो वह तुरंत हस्तक्षेप करेगी। मसौदा सूची 1 अगस्त को प्रकाशित की गई थी और अंतिम सूची 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली है। विपक्ष का दावा है कि चल रही प्रक्रिया करोड़ों योग्य नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित कर देगी।

### चुनाव आयोग की बड़ी कार्रवाई छत्तीसगढ़ की 7 राजनीतिक पार्टियों की मान्यता रद्द

**रायपुर, 12 अगस्त (हाईवे चैनल)।** चुनाव आयोग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देशभर में 476 राजनीतिक दलों की मान्यता समाप्त की है. छत्तीसगढ़ की भी 7 राजनीतिक पार्टियों की मान्यता रद्द की है। ये सभी पार्टी 6 सालों से एक्टिव नहीं थी, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई. बता दें कि छत्तीसगढ़ में पहले कुल 55 राजनीतिक थीं. चुनाव आयोग की कार्रवाई के बाद अब केवल 48 पार्टियां चुनाव लड़ पाएंगी। **छत्तीसगढ़ के इन 7 पार्टियों की मान्यता रद्द**- छत्तीसगढ़ एकता पार्टी, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, छत्तीसगढ़ समाजवादी पार्टी, छत्तीसगढ़ संयुक्त जातीय पार्टी, छत्तीसगढ़ विकास पार्टी, पृथक बस्तर राज्य पार्टी, राष्ट्रीय आदिवासी बहुजन पार्टी शामिल है।




### बिरादरी की बातें



**चूहा-** पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने भारत पर परमाणु हमले की धमकी दी है..!
**चुहिया-** हां जी, पाकिस्तानी टिकली फटाका को ही परमाणु बम बोलते है..!

# चैतन्य बघेल को बुखार, हाईकोर्ट ने दिए सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश, दो हफ्ते बाद अगली सुनवाई

**बिलासपुर, 12 अगस्त (हाईवे चैनल)।** शराब घोटाले में मनी लॉड्रिंग वाले मामले में ईडी की गिरफ्त में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को बुखार हो गया है. हाईकोर्ट ने स्पेशल कोर्ट के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर डायरेक्शन लेने के साथ जेल सुपरिटेंडेंट को चैतन्य बघेल को विधि सम्मत सारी सुविधाएं मुहैय्या कराने के लिए निर्देशित किया गया. मामले की अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी। बता दें कि ईडी ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 18 जुलाई को भिलाई 3 स्थित बघेल निवास से चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन के दिन ही गिरफ्तार किया था. चैतन्य बघेल ने गिरफ्तारी के खिलाफ पहले सुप्रीम कोर्ट गए थे, जहां से मिले निर्देश के बाद उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है. गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल छत्तीसगढ़ के कथित शराब घोटाले में आरोपी बनाए गए हैं. ईडी के अनुसार, 2019-22 के बीच राज्य में 2100 करोड़ का घोटाला हुआ था. इसका पूरा पैसा चैतन्य ने ही मैनेज किया।



# चेन्नई एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा: लैंडिंग के दौरान फ्लाइट के इंजन में लगी आग

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (न्यूज चैनल)।** चेन्नई एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सोमवार को मलेशिया के कुआलालंपुर शहर से चेन्नई आ रही एक अंतरराष्ट्रीय मालवाहक फ्लाइट के एक इंजन में लैंडिंग के दौरान अचानक आग लग गई। हालाँकि एयरपोर्ट के कर्मचारियों और फायर ब्रिगेड की टीम ने तुरंत आधिकारिक सूत्रों के अनुसार यह हादसा उस वक्त हुआ जब विमान चेन्नई एयरपोर्ट पर लैंड कर रहा था। लैंडिंग के दौरान ही फ्लाइट के चौथे इंजन में आग लग गई। पायलटों ने तुरंत इसकी सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल और संबंधित अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही एयरपोर्ट पर इमरजेंसी सेवाओं को अलर्ट कर दिया गया। एयरपोर्ट के फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने बिना देरी किए आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। समय पर की गई इस कार्रवाई से विमान और उसमें मौजूद सभी लोग सुरक्षित बच गए। इस घटना से एयरपोर्ट पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था लेकिन स्थिति को जल्द ही नियंत्रण में ले लिया गया।

# न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव पर लोकसभा में मंजूरी, स्पीकर ने बनाई तीन सदस्यीय कमेटी

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (न्यूज चैनल)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को घोषणा की कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ने घोषणा की कि समिति के सदस्यों में न्यायमूर्ति अमित कुमार, न्यायमूर्ति मनिंदर मोहन श्रीवास्तव और बी बी आचार्य शामिल हैं। बिरला ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए 146 सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। सर्वोच्च न्यायालय ने 7 अगस्त, 2025 को कहा था कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा, जिनके आवासीय परिसर में आग लगने के बाद



जले हुए नोट मिले थे, को हटाने की सिफारिश करने वाली आंतरिक जांच प्रक्रिया को कानूनी मान्यता प्राप्त है। सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट और भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना की उस सिफारिश को चुनौती दी थी जिसमें उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश की गई थी। यह आग की घटना राष्ट्रीय राजधानी में उनके आधिकारिक आवास पर जली हुई बेहिसाब नकदी बरामद होने के कारण हुई थी, जब वे दिल्ली उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश थे। इससे पहले, 7 अगस्त को, सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की उस याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने आंतरिक तीन न्यायाधीशों की जांच समिति की रिपोर्ट और भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना की उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि आंतरिक जांच समिति द्वारा अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करने से पहले उन्हें जवाब देने का उचित अवसर नहीं दिया गया था। न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल पेश हुए।

# संसद परिसर में विपक्ष का प्रदर्शन, सफेद टी-शर्ट पहनकर जताया विरोध

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (न्यूज चैनल)।** चुनाव आयोग तक विपक्ष के मार्च को लेकर हुए हाई-वोल्टेज ड्रामा के एक दिन बाद, इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने बिहार में कथित मतदाता धोखाधड़ी और एसआईआर अभ्यास के खिलाफ मंगलवार को अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा की जा रही मतदाता सूची पुनरीक्षण की कवायद के खिलाफ मंगलवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया'(इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के घटक दलों के कई सांसदों ने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया।



इनमें से कई सांसदों ने सफेद टी-शर्ट पहनी हुई थी, जिस पर राज्य की मतदाता सूची में कथित तौर पर शामिल '124 वर्षीय एक मतदाता' का नाम अंकित था। मिंता देवी उन मतदाताओं में से एक थीं जिनका ज़िक्र कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कथित मतदाता धोखाधड़ी के मुद्दे पर दिए गए प्रेजेंटेशन में किया गया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने दावा किया कि 124 वर्षीय मिंता देवी हाल ही में जारी बिहार की मसौदा मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाता हैं। मसौदा सूची में मिंता देवी की उम्र 124 वर्ष दर्ज है, जो दुनिया के सत्यापित सबसे बुजुर्ग व्यक्ति से नौ साल ज़्यादा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ'ब्रायन, द्रमुक के टीआर बालू, राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले, साथ ही वामपंथी दलों एवं अन्य विपक्षी दलों के सदस्य संसद के मकर द्वार के पास एकत्र हुए।

CMYK